कार्यालयः जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़

पत्रांकः 2247-51 /2024–25 दिनांकः 11-11-2024

प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक,
समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय
जनपद अलीगढ़

विषयः **ऑनलाइन चयनित केन्द्र निर्धारण सूची सम्बन्धी प्रत्यावेदन के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया के अन्तर्गत परिषद कार्यालय द्वारा सम्भावित परीक्षा केन्द्रों की सूची निर्गत की गयी है। उक्त के अनुपालन में **"छात्र/ अभिभावक/ प्रधानाचार्य/ प्रबन्धक/ संस्थाधिकारी के आपत्तियों/शिकायतों से सम्बन्धित प्रत्यावेदन को प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 14 नवम्बर, 2024" निर्धारित** की गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि सम्भावित परीक्षा केन्द्र सूची (छात्रावंटन सहित) कार्यालय की वेबसाइट https://www.diosaligarh.in/ एवं व्हाट्सएप ग्रुपों पर अथवा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। इस सूची के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/शिकायत हो, तो औचित्यपूर्ण/तर्कसंगत लिखित प्रत्यावेदन (विद्यालय कोड सहित) **निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 14 नवम्बर, 2024 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में डाक/ई–मेल (boardexam2025.aligarh@gmail.com) पर प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त कराये गये प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/ अभिभावक/ प्रधानाचार्य/ प्रबन्धक/संस्थाधिकारी का होगा।

संलग्नक– प्रस्तावित केन्द्र निर्धारण सूची वर्ष 2025।

जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़

पृष्ठांकन संख्या व तिथि यथोपरि

प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, अलीगढ़
2. सचिव, मा0 शि0 परि0 उ0प्र0, प्रयागराज।
3. संयुक्त शिक्षा निदेशक, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ
4. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि आप उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

11/11/2024

जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़

Scanned with CamScanner

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

परीक्षा वर्ष 2025 के परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में प्रधानाचार्य/प्रबन्धक द्वारा आपत्ति/शिकायत विषयक प्रत्यावेदन का प्रारूप

(1) जनपद कोड एवं जनपद का नाम : _____

(2) संस्था कोड एवं संस्था का नाम : _____

_____

(3) प्रधानाचार्य/प्रबन्धक का नाम एवं मोबाईल नं0 : _____

_____

(4) आपत्ति/शिकायत का विवरण : _____

_____

_____

_____

_____

(5) आपत्ति/शिकायत का युक्तियुक्त कारण : _____

_____

_____

_____

_____

(6) आपत्ति/शिकायत के सम्बन्ध में सुसंगत साक्ष्य : _____

_____

_____

_____

(7) जनपदीय समिति का निस्तारण–स्वीकृत/अस्वीकृत : _____

_____

_____

_____

_____

(8) आपत्ति/शिकायत निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करने का विवरण :

_____

_____

_____

Scanned with CamScanner